सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

16 मार्च, 2018

षोडश विधान सभा — शुक्रवार, तिथि 16 मार्च, 2018 ई0

नवम् सत्र — 25 फाल्गुन, 1939(श0)

(कार्यवाही प्रारम्भ होने का समय - 11.00 बजे पूर्वाह्न)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है । प्रश्नोत्तर-काल । अल्पसूचित प्रश्न लिए जाएंगे ।

(व्यवधान)

श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी: महोदय, महोदय...

अध्यक्ष : क्या है ?

श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी: महोदय, एक बात ही ऐसी आ गई है कि इसे उठाना जरूरी है महोदय।

अध्यक्ष: उसका भी समय है न उठाने का ।

श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी: महोदय, महोदय, ....

(इस अवसर पर विपक्ष के माननीय सदस्यगण वेल में आ गए।)

अध्यक्ष : उसका समय है उठाने का । आप ही लोगों का प्रश्न है न ! यह समय नहीं है इसे उठाने का ।

श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी: महोदय, बात सुन लिया जाए ।

अध्यक्ष: यह समय नहीं है । आप समय पर उठाईएगा । सिद्दिकी साहब, समय पर उठाईएगा । आपको शून्यकाल में समय देंगे । आपको समय देंगे । आपको समय पर समय देंगे ।

अब अल्पसूचित प्रश्न ।

(व्यवधान जारी)

आपको समय पर समय देंगे । आज प्रश्न में भी गंभीर मामले हैं ।

(व्यवधान जारी)

सिद्दिकी साहब, कहिए स्थगित कर देते हैं, सरकार को भी सूट करेगा ।

(व्यवधान जारी)

कहिए, स्थगित कर देते हैं ।

(व्यवधान जारी)

श्री श्रवण कुमार,मंत्री: अध्यक्ष महोदय, आसन का नियमन हुआ है कि जो समय है उठाने का, वह समय निर्धारित है कार्य संचालन नियमावली में । उसके हिसाब से जो भी प्रश्न उठाना चाहते हैं विपक्ष के नेता, वो उठाएं लेकिन इस तरह से सदन का बहुमूल्य समय जो

माननीय सदस्यों का तारांकित प्रश्न है, अल्पसूचित प्रश्न है महोदय और इतना महत्वपूर्ण सवाल है महोदय और उसके बाद भी माननीय सदस्य वेल में आ जा रहे हैं महोदय । अगर ये अपनी जगह पर बैठते तो सरकार हर प्रश्नों का जवाब देती महोदय, लेकिन विपक्ष के जो माननीय सदस्य हैं, उनको इन प्रश्नों को हल कराना नहीं है, सिर्फ और सिर्फ इनका मकसद हंगामा खड़ा करना है, माइलेज लेना है । ये राजनीति कर रहे हैं । राज्य की जनता से कोई लेना-देना इनका नहीं है महोदय ।

(व्यवधान जारी)

अध्यक्षः माननीय सदस्यों को कहिए, अपनी जगह पर जाने के लिए ।

(व्यवधान जारी)

आपलोग जगह पर जाकर बोलिएगा तो कोई सुनेंगे ।

(व्यवधान जारी)

श्री श्रवण कुमार,मंत्रीः अध्यक्ष महोदय, विपक्ष के माननीय सदस्यगण, समस्या का हल चाहते हैं या सिर्फ नारा लगाना चाहते हैं ? सरकार तो हर प्रश्न का जवाब देने के लिए बैठी है महोदय । जो तारांकित प्रश्न में है, अल्पसूचित प्रश्न में है और जो आसन का निर्देश होगा, सरकार उसको मानेगी महोदय और इनके हर प्रश्न का जवाब देने के लिए सरकार तैयार है लेकिन ये अपनी जगह पर जाकर इन सवालों को रखें, तब न सरकार जवाब देगी महोदय । तो इनको तो मतलब है नहीं । सवाल से मतलब तो है नहीं । इनको तो नारा लगाना है । इनको तो वेल में आना है । ये संसदीय परम्पराओं का भी ठीक से निर्वहन नहीं कर रहे हैं और कार्य संचालन नियमावली की धज्जी उड़ाने में लगे हुए हैं महोदय । इसलिए आग्रह मैं करना चाहता हूं कि अब आप आसन के निदेश का पालन करें और अपनी जगह पर जाकर कोई बात को माननीय सदस्य रखें । ये संसदीय परम्पराओं का निर्वहन करें, यह मैं आग्रह करना चाहता हूं ।

(व्यवधान जारी)

अध्यक्षः टेबल को कोई नहीं छुएं । गलत आचरण मत करिए । मैं बार-बार कह रहा हूं । आप नारा लगा सकते हैं लेकिन गलत आचरण कोई मत करिए क्योंकि वह सदन का अपमान है । यह मजाक करने की जगह नहीं है ।

(व्यवधान जारी)

अध्यक्षः अब सदन की कार्यवाही 2.00 बजे दिन तक के लिए स्थगित की जाती है ।

टर्न-02/कृष्ण/16.03.2018

(अंतराल के बाद)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है । गैर सरकारी संकल्प लिये जायेंगे ।

श्री ललित कुमार यादव : महोदय, महोदय ।

अध्यक्ष : क्या है ?

(व्यवधान)

आप प्रथम पाली में अपनी बात कह चुके हैं ।

श्री भाई वीरेन्द्र : मेरे नेता को जेल में डाले हुये है हुजूर ।

(व्यवधान जारी)

अध्यक्ष : अभी तो आप ही लोगों का गैर सरकारी संकल्प है । क्या करना है ?

श्री भाई वीरेन्द्र : यह मामला उठा है । गलत केस में फंसाने का काम किया गया है ।

## गैर सरकारी संकल्प

अध्यक्ष : गैर सरकारी संकल्प लिये जायेंगे । इसको होने दीजिये । माननीय सदस्य श्री अभय कुमार सिन्हा ।

## क्रमांक-1-श्री अभय कुमार सिन्हा

श्री अभय कुमार सिन्हा : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

" यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह गया जिला के टिकारी प्रखड के मोरहर नदी से निकले डरूआ पईन में डाक बाबा के पास इटहोरी में स्लूईश गेट का निर्माण करावे ।"

(व्यवधान जारी)

( इस अवसर पर राजद के सभी माननीय सदस्यगण वेल में आकर कुछ बोलने लगे )

(व्यवधान जारी)

अब आप लोग अपनी-अपनी सीट पर चले जाईये । हो गयी बात ।

(व्यवधान जारी)

श्री श्रवण कुमार,मंत्री : अध्यक्ष महोदय, द्वितीय पाली में माननीय सदस्यों का बहुत महत्वपूर्ण गैर-सरकारी संकल्प है और इनको मालूम भी है कि जो बहुत महत्वपूर्ण सवाल अपने क्षेत्र का होता है, माननीय सदस्य वही गैर-सरकारी संकल्प में लाते हैं । माननीय

सदस्यगण जिन सवालों को उठा रहे हैं, यह तो सी0बी0आई0 का सवाल है महोदय । ये सवाल जो उठा रहे हैं, यह बिहार सरकार का मामला भी नहीं है । अगर माननीय सदस्यगण अपनी-अपनी जगह पर जाकर सवालों को उठाते तो सरकार उत्तर भी देती । लेकिन महोदय, ये महत्वपूर्ण समय को बर्बाद कर रहे हैं । माननीय सदस्यों के क्षेत्र का बहुत महत्वपूर्ण सवाल है । इसको हल करने में बहुत सहूलियत होती और ऐसे सवालों पर सदन में हंगामा कर रहे हैं, इनको संसदीय परम्परा में, संसदीय लोकतंत्र में विश्वास नहीं है, तब ऐसा वातावरण बनाने की कोशिश करते हैं । तो महोदय, मैं माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूं कि आपलोग अपनी-अपनी जगह पर जाईये और अपनी बात को रखिये और आसन का भी नियमन हुआ है, कम से कम आसन का भी सम्मान किया जाना चाहिए ।

(व्यवधान जारी)

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह,मंत्री : अध्यक्ष महोदय, जिस समाचार-पत्र के कतरन को लेकर ये माननीय सदस्यगण बोल रहे हैं, उसका केवल हेड लाईन पढ़ रहे हैं और उसके अंदर का समाचार पढ़ ही नहीं रहे हैं । उसमें सारा समाचार इनके नेता के खिलाफ है । लेकिन इनको कौन समझाये ? ये समझने के लायक नहीं हैं ।

(व्यवधान जारी)

श्री श्रवण कुमार,मंत्री : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्यगण सदन का महत्वपूर्ण समय बर्बाद कर रहे हैं और आरोप सरकार पर ये लोग ही लगाते हैं कि सरकार जवाब नहीं देती है, सरकार समस्या का हल नहीं चाहती है । महोदय, आज 100 से ज्यादा माननीय सदस्यों का, उनके क्षेत्र का महत्वपूर्ण सवाल है और ये सवाल जो अतिमहत्वपूर्ण हैं, जो गैर-सरकारी संकल्प के रूप में है और बड़ी मेहनत और मशक्कत के साथ हमारे माननीय सदस्य लोग लाते हैं और माननीय सदस्यगण अनावश्यक रूप से सदन का बहुमूल्य समय बर्बाद कर रहे हैं और विपक्ष के लोग आरोप भी लगाते हैं कि सरकार जवाब नहीं देती है तो सरकार तो जवाब लेकर बैठी है । हर प्रश्न का जवाब लेकर हमलोग बैठे हैं । मैं माननीय सदस्यों से पुनः आग्रह करता हूं कि अपनी जगह पर जांय और जगह पर जाकर अपनी बात को रखें और उसके बाद सरकार इनके हर प्रश्नों का जवाब देने के लिये तैयार है ।

(व्यवधान जारी)

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज हमने 3.00 बजे अप0 में कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक सदन संचालन के संबंध में बुलाई है ।

अब सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 19.03.2018 को 11.00 बजे पूर्वा0 तक के लिये स्थगित की जाती है ।